# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-109 | सागवाड़ा, रविवार, 19 दिसम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## बांसवाड़ा में महाराणा प्रताप की प्रतिमा अनावरण, केंद्रीय मंत्री शेखावत बोले माही के लिए राजस्थान सरकार ने कभी बजट नहीं मांगा

### केंद्रीय मंत्री शेखावत बोले- माही के लिए 100, 200 करोड़ जितना चाहोगे, उतना मिलेगा

**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा शहर में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में शेखावत ने कहां कि बांसवाड़ा की माही की नहरों के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कभी केंद्र से बजट नहीं मांगा। माही के लिए 100, 200 करोड़ जितना चाहोगे, उतना मिलेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने कहा कि वे जयपुर से शेखावत के साथ ही प्लेन में आए हैं.

मैंने रास्ते में भी बात की है और मैं चाहता हूं कि शेखावत बांसवाड़ा की माही की नहरों के लिए कुछ बजट जरूर दें. साथ ही कहा कि वे जिस महकमे के मंत्री हैं, उस महकमे का मैं छोटा सा मंत्री हूं. वह बड़े हैं और मैं छोटा हूं. जब शेखावत की बारी आई तो शेखावत ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार कभी केंद्र के पास माही की नहरों के लिए या माही डैम के बजट को लेकर नहीं आई है. माही के लिए जितना भी मांगोगे, मैं दूंगा. 100, 200 करोड़ जितना चाहोगे, उतना मिलेगा।



गौरतलब है कि शहर के महाराणा प्रताप चौराहे पर रविवार दोपहर बाद महाराणा प्रताप की एक बड़ी मूर्ति का भव्य अनावरण कार्यक्रम हुआ. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत थे. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, उत्तर प्रदेश के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी के मुख्य आतिथ्य में प्रतिमा का अनावरण हुआ. अतिथि के रूप में जिला प्रमुख रेशम मालवीया, बांसवाड़ा नगर सभापति जैनेंद्र त्रिवेदी और संत समाज के तमाम लोग मौजूद थे. कार्यक्रम को जिला प्रमुख रेशम मालवीया, सभापति जैनेंद्र त्रिवेदी के साथ ही कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया

## केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने राहुल गांधी पर मारा तंज, कहा- राहुल गांधी ऐसे व्यक्ति नहीं जिनके बारे में बात की जाये

### आसपुर व साबला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**डूंगरपुर।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बांसवाडा जाते समय डूंगरपुर जिले की सीमा से होकर गुजरे । इस दौरान केन्द्रीय मंत्री शेखावत का डूंगरपुर जिले के आसपुर व साबला में भाजपा कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया । वही इस मौके पर राहुल गांधी पर मीडिया के सवाल पर केन्द्रीय मंत्री शेखावत हंस गए और तंज मारते हुए कहा की राहुल गांधी ऐसे व्यक्ति नहीं है जिनके बारे में बात की जाए ।

देश के जलशक्ति केंद्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत आज वागड़ क्षेत्र के दौरे पर है । वागड़ के बांसवाडा जिले में जाते समय केन्द्रीय मंत्री शेखावत डूंगरपुर जिले की सीमा से होकर गुजरे । इस दौरान आसपुर में गोल पुल से डूंगरपुर जिले की सीमा में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री शेखावत का जोरदार स्वागत किया वही आसपुर के महाराणा प्रताप सर्कल पर भी मंत्री शेखावत का स्वागत हुआ। इसके बाद मंत्री शेखावत साबला पहुंचे जहां



आसपुर विधायक गोपीचंद मीणा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री की अगवानी की और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाते हुए मंत्री का मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर मीडिया ने जब मंत्री से राहुल गांधी के हिंदू और हिंदुत्वता संबंधी बयान पर सवाल किया तो मंत्री शेखावत जोर से हंस दिए और कहा कि वह बात करने लायक आदमी ही नहीं है। वही वागड़ अंचल में जल संबंधी विकास के सवाल को भी मंत्री टाल गए और कहा कि यह राज्य सरकार का विषय है फिर भी जो प्रस्ताव आएंगे उन्हें प्राथमिकता देंगे। इसके बाद मंत्री शेखावत बांसवाड़ा जिले के लिए रवाना हो गए जहां वे त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में दर्शन करने के बाद विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

## पुराने मोबाइल की बैट्री को तवे पर गर्म करते समय अचानक बैट्री फटी, । साल का बच्चा जख्मी

**डूंगरपुर।** उदयपुर जिले के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र के लकोडा गांव में पुराने मोबाइल की बैट्री को तवे पर गर्म करते समय अचानक बैट्री फट गई । हादसे में ।

साल के एक बच्चें का हाथ जख्मी हो गया और उसे डूंगरपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है।मामले के अनुसार खेरवाड़ा के पास लकोडा गांव के रहने वाला आर्यन डामोर ( ।वर्ष ) घर में चूल्हें पर तवा रखकर पुराने मोबाइल की बेट्री गर्म कर रहा था। उसके पिता हरीश डामोर व मॉ चयनिका डामोर खेतो में गए हुए थे। बड़ा भाई दीपक डामोर घर के आंगन में खेल रहा था। बैट्री गर्म करते वक्त अचानक फट गई, जिससे उसका बाया हाथ पूरी तरह से जख्मी हो गया। विस्फोट से हाथ का अंगूठा ओर एक अंगुली के छिथड़े उड़ गए। वहीं उसके चेहरे व दूसरे हाथ पर भी चोंटे आई है। आर्यन लहूलुहान होकर वही गिर गया। आवाज सुनकर बड़ा भाई दीपक घर के अंदर गया तो उसके खून देखकर खेतों से माता-पिता को बुलाया। जिसके बाद परिजन घायल आर्यन को

पहले खेरवाड़ा हॉस्पिटल ले गए, लेकिन हालत खराब होने से डूंगरपुर रैफर कर दिया। जिसके बाद परिजन घायल आर्यन को खेरवाड़ा से डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल पहुंचे यहां इमरजेंसी में डॉक्टर ने जांच के बाद सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर दिया गया है। बच्चें का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

## जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग शुरू, 8 टीमें ले रही हिस्सा

### जैन नवयुवक मंडल का आयोजन



**डूंगरपुर।** जिले में जैन नवयुवक मंडल की ओर से आज से शहर के लक्ष्मण मैदान में चार दिवसीय जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग की शुरुआत हुई। नगरपरिषद के सभापति अमृतलाल कलासुआ ने प्रतियोगिता का आगाज किया । प्रतियोगिता में जैन समाज की 8 टीमें हिस्सा ले ही है। रोज 2 टीमों के बीच मैच खेला जाएगा। 26 दिसंबर को क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच होगा। डूंगरपुर शहर के लक्ष्मण मैदान में आयोजित जैन प्रीमियर लीग के उदघाट्न समारोह के मुख्य अतिथि नगर सभापति अमृत कलासुआ थे। इस मौके पर कलासुआ ने कहा कि जीवन मे खेल सब्स जरूरी है। इससे व्यक्ति का जीवन स्वस्थ रहता है। समाज की ओर से इस तरह के आयोजन होने चाहिए।जिससे समाज मे मेल मिलाप बढ़ता है और एकजुटता आती है। उपसभापति सुदर्शन जैन ने कहा कि जैन समाज की ओर से हर साल इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित होती है ताकि बच्चें कुछ सिख सके। मंच पर जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सिद्धार्थ मेहता, सचिव नरेश जैन, कोषाध्यक्ष शैलेश मेहता, रमेश जैन मौजूद थे।

कार्यक्रम के उदघाटन में कराटे क्लास की बालिकाओं ने कोच विपिन के नेतृत्व में कराटो का प्रदर्शन किया। क्रिकेट प्रीमियर लीग का उदघाट्न मैच पार्श्वनाथ क्लब व नेमिनाथ क्लब के बीच खेला जा रहा है। प्रत्येक मैच 20-20 ओवर का खेला जाएगा, जिसमें खिलाड़ी बेटिंग, बोलिंग व फील्डिंग में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। 26 दिसंबर को फाइनल मैच के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा। जिसमे विजेता टीम के साथ मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच के इनाम भी दिए जाएंगे।

## आपातकालिन रक्त की आवश्यकता पर कवि सुनील पटेल किया रक्तदान

**सागवाड़ा।** अपने शब्दों के दम पर वागड़ व समस्त राज्य में अपनी अलग पहचान बनाने वाले कवि व सामाजिक कार्यकर्ता सुनील पटेल सन्नाटा ने सागवाड़ा मे एक निजी हॉस्पिटल में रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। सागवाड़ा के एक निजी हॉस्पिटल भर्ती मरीज को ﬞ ब्लड कि आपातकालीन आवश्यकता होने की सूचना सपना फाउंडेशन के सागवाड़ा प्रभारी राहुल सेवक सिलोही को मिली। प्रभारी ने अपने मित्र एवं समाज सेवी कवि सुनील पटेल से सम्पर्क किया। कवि सुनील सागवाड़ा में ही थे। जागरूक रक्तवीर सुनील पटेल सन्नाटा ने किसी मरीज को आपातकालीन रक्त की आवश्यकता की सूचना पर ब्लड बैंक सागवाडा में जाकर रक्तदान करते हुए मानवता दिखाई। जिस



पर कवि सुनील पटेल का सपना फॉउंडेशन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सपना फाउंडेशन सागवाडा प्रभारी राहुल सेवक सिलोही व शुभम सुथार गामड़ी उपस्थित है। हरि सर का सहयोग रहा।

## दो बाइको में आमने सामने भिडंत, युवक की मौत

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले के निठाउवा थाना क्षेत्र में देर शाम दो बाइको में आमने सामने भिड़ंत हो गई, जिसमे एक बाइक सवार युवक की मौत हो मौत गई, जबकि दो जने गंभीर घायल हो गए है। रविवार देर शाम निठाउवा कस्बे के रीछा मार्ग पर दोनों बाइक आमने टकरा गई।

हादसे से बाइक सवार तीनो युवक घायल हो गए ,जिन्हें पुलिस व ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए साबला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

जहां पहुचने से पहले खुदरडा निवासी एक युवक की मौत हो गई।जबकि दौलपुरा निवासी दोनों युवकों को प्राथमिकी उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया है।

## प्रधानाचार्या ललिता डॉ अम्बेडकर समता अवार्ड से हुई सम्मानित



**गणेशपुर।** समता साहित्य अकादमी, यवतमाल महाराष्ट्र द्वारा आयोजित होने वाले राष्ट्रीय समता परिषद - 2021 सम्मेलन मे जिले की निवासी और राउमावि कतिसौर की प्रधानाचार्या ललित के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डीएस तांडेकर ने बताया कि आगामी 19 दिसम्बर को जयपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय समता परिषद - 2021 सम्मेलन मे साहित्य, शिक्षण, पत्रकारिता, समाजसेवा आदि कार्य क्षेत्रो मे उल्लेखनीय योगदान देने पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित किए गए। जिसमे समाजसेवा के क्षेत्र मे किये गये अनुकरणीय कार्यो को लेकर प्रधानाचार्या ललिता को डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर समता अवार्ड प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य ललिता द्वारा करोनाकाल में भामाशाह बनकर निजी वहन पर जरूरतमंदों को राशन किट व अन्य सुविधा उपलब्ध करवाई गई। साथ ही इनके द्वारा भामाशाह से डेढ़ करोड़ रूपये की जमीन विद्यालय को आवंटित करवाई गई, शैक्षिक, सहशैक्षिक, विकास के कार्य कर विद्यालय को नई दिशा प्रदान की गई। इनके गत कार्यकाल में राउमावि दोवड़ा प्रथम राज्य का ऐसा प्रथम सरकारी विद्यालय बना जिसकी स्वयं की वेबसाइट बनाई गई। राज्य में सर्वप्रथम ऑनलाइन शिक्षा यूट्यूब के माध्यम से प्रारंभ की गई। इनके द्वारा बच्चों को प्रोत्साहन हेतु हवाई यात्रा की घोषणा की गई। संभाग लेवल का पहला सरकारी विद्यालय बना जिसका स्वयं का अपना बैंड ग्रुप बना।

## मुख्यमंत्री ने राज्य की पहली कैंसर निदान वैन का किया अवलोकन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर निरोगी राजस्थान से जुड़ी प्रदर्शनी एवं राज्य की पहली कैंसर निदान वैन का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री के साथ मौजूद उद्योगपति एल. एन. मित्तल ने भी समस्त सुविधाओं से युक्त ऐसी ही एक वैन देने की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की उपयोगिता को देखते हुए जयपुर स्थित एल.एन.एम. इंस्ट्ीयूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से जुड़े 100 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट से सवाई मानसिंह हॉस्पिटल को जोड़ा जाएगा। मित्तल ने बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं एवं कुपोषित बच्चों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों में भी मदद की पेशकश की। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि राजस्थान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मजबूत ढांचा तैयार किया गया है। कोरोना संक्रमण के दौरान राज्य सरकार के बेहतरीन प्रबंधन की सर्वत्र सराहना हुई है। मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना, नि:शुल्क जांच योजना एवं मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

## टेम्पो से गेंहू के आड़ में शराब की तस्करी, 25 कार्टन जब्त

### रतनपुर बोर्डर पर पकड़ा टेंपो

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाने की रतनपुर पुलिस चोकी ने रतनपुर बोर्डर पर शराब से भरे एक टेम्पो को जब्त किया है । पुलिस ने टेम्पो से गेंहू के आड़ में रखे शराब के 25 कार्टन को जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है । पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है । डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की मुखबिर के जरिये नेशनल हाइवे 48 पर राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर से शराब तस्करी की सुचना मिली थी । जिस पर बिछीवाडा थाने की रतनपुर पुलिस चोकी की ओर से रतनपुर बोर्डर पर नाकेबन्दी की गई । इस दौरान उदयपुर की ओर से आ रहे एक लोडिंग टेम्पो को रुकवाया गया , टेम्पो को चालक सहित दो लोग मौजूद थे । जिन्होंने टेम्पो में गेंहू के कट्टे होना बताया । जिस पर पुलिस ने टेम्पो की तलाशी ली तो टेम्पो में गेंहू के कट्टों के नीचे शराब के कार्टन छिपाकर रख्रे हुए थे । पुलिस ने टेम्पो को जब्त किया और चालक सहित दो लोगो को हिरासत में लिया । वही पुलिस ने टेम्पो से शराब के 25 कार्टन बरामद किये । इधर पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने शराब को उदयपुर जिले के डबोक क्षेत्र से भरकर अहमदाबाद तस्करी करना बताया है ।

## बजरंगदल ने आज अपना शौर्य दिवस व गीता जयंती समारोह मनाया

**डूंगरपुर।** जिले में बजरंगदल ने आज अपना शौर्य दिवस व गीता जयंती समारोह मनाया । इस मौके पर शहर के राम रोटी अन्न क्षेत्र सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ । कार्यक्रम में सनातन धर्म प्रेमियों ने धर्मांतरण के खिलाफ एकजुट होने का आव्हान किया । डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर राम रोटी अन्न क्षेत्र सभागार में आयोजित कार्यक्रम में रुद्रवाहिनी संघ के राष्ट्रीय संरक्षक प्रकाशनाथ महाराज , विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक भीमराज ने भाग लिया वही आरएसएस के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य विष्णु साल्वी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने धर्मांतरण की शक्तियों को विफल करने के लिए सनातन धर्मप्रेमियों को एकजुट करने का आह्वान किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक भीमराज ने शौर्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। मंचासीन समाजसेवी मदनसिंह, संघ के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य बिष्णु सालवी ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति को नष्ट करने के लिए कई विदेशी ताकतों ने नाकाम प्रयास किये। आज एक बार फिर मिशनरी ताकते सक्रिय है और जनजातियों को अपने जाल में फास रही है। रुद्रवाहिनी संघ के राष्ट्रीय संरक्षक प्रकाशनाथ महाराज ने कहा कि धर्मपरिवर्तन व राजनीति एक साथ किये जा रहे है ऐसे में समाज के बीच बैठे दगाबाज़ों के कारण ऐसी शक्तियों को ताकत मिल रही है।

## राजस्थान में शीत-कहर

**जयपुर।** राजस्थान में सर्दी का सितम आम आदमी के लिए परेशानी का कारण बन गया है। पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाओं से तापमान में बड़ी गिरावट आई है। इसकी वजह से प्रदेश के छह जिलों में तापमान माइनस में चला गया है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में अगले 48 घंटों में सर्दी का सितम और बढ़ने की संभावना है। हिमाचल, कश्मीर, उत्तराखंड के मैदानों में बर्फ जमने जैसा नजारा रविवार को राजस्थान के कई शहरों में देखने को मिला। शीतलहर चलने और गलनभरी सर्दी के कारण सीकर, चूरू, चित्तौड़गढ़ (KVK), माउंट आबू, फतेहपुर, जयपुर के जोबनेर में पारा माइनस में चला गया। इस साल पहली बार ऐसा हुआ जब फतेहपुर के अलावा चार और जगहों



पर पारा जीरो से नीचे चला गया। शेखावाटी अंचल, हिल स्टेशन माउंट आबू, जयपुर समेत कई जगह खुले इलाकों में बर्फ जम गई। वहीं, बीती रात सबसे कम तापमान फतेहपुर में माइनस 5.2 दर्ज किया गया, जो इतिहास में अब तक का सबसे कम है। बीती रात चूरू में माइनस 2.6, माउंट आबू में माइनस 1 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। आबू में सुबह 9 बजे तक मैदानों में बर्फ जमी नजर आई।

## शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कल्याणकारी योजनाओं से सुगम हुआ आमजन का जीवन : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने विगत तीन वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, ताकि वंचित, पिछड़े एवं जरूरतमंद वर्गों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके और आमजन का जीवन सुगम बनाया जा सके। हमारा प्रयास रहा है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, हर व्यक्ति को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं मिले और हर परिवार को सामाजिक सुरक्षा मिले। हमारी सरकार इस उद्देश्य को पूरा करने में सफल रही है। गहलोत रविवार को राज्य सरकार के तीन वर्ष




सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास तथा जागृति बैक टू वर्क योजना, आईएम शक्ति उड़ान योजना, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना और डीबीटी वाउचर योजना के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 12 विभागों के करीब 1122 करोड़ रूपए के 1194 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें करीब 454 करोड़ रूपए की लागत के 90 विकास कार्यों का शिलान्यास और 668 करोड़ रूपए की लागत के 1104 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं।